अध्याय 1

# भाषा, बोली, लिपि और व्याकरण

(Language, Dialect, Script and Grammar)

## पाठ में हमने क्या-क्या सीखा, जानें!

- 'भाषा' शब्द 'संस्कृत' भाषा की 'भाष्' धातु से बना है जिसका अर्थ है- 'वाणी को व्यक्त करना।'
- भाषा- भाषा वह माध्यम है जिसके द्‌वारा मनुष्य अपने विचारों और भावों का आदान-प्रदान करता है।
- भाषा के भेद- 1. मौखिक भाषा, 2. लिखित भाषा।
- राजभाषा- राजकाज की भाषा।
- राष्ट्रभाषा- राष्ट्र की भाषा।
- मातृभाषा- मनुष्य के जन्म-स्थान से जुड़ी भाषा।
- लिपि- भाषा के लिखने का ढंग।
- व्याकरण- भाषा के शुद्‌ध रूप और प्रयोग का बोध।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें–

(क) भाषा शब्द संस्कृत की ......भाष्...... धातु से बना है।

(ख) 14 सितंबर को प्रतिवर्ष ......हिंदी दिवस...... के रूप में मनाया जाता है।

(ग) भाषा को लिखने का ढंग ......लिपि...... कहलाता है।

(घ) जर्मन भाषा की लिपि ......रोमन...... है।

(ङ) व्याकरण के ......चार...... अंग होते हैं।

3. निम्नलिखित वाक्यों में सही के सामने (✓) तथा गलत के सामने (✗) का निशान लगाएँ–

(क) भाषा का उद्देश्य विचारों का आदान-प्रदान करना है। ✓

(ख) देवनागरी लिपि में बायीं ओर से दायीं ओर लिखा जाता है। ✓

(ग) फारसी लिपि दायीं ओर से बायीं ओर लिखी जाती है। ✓

(घ) उड़िया भाषा की लिपि रोमन है। ✗

(ङ) देवनागरी लिपि एक वैज्ञानिक लिपि है। ✓

4. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प के आगे (✓) का निशान लगाएँ–

(क) भारतीय संविधान में हिंदी को राजभाषा के रूप में कब स्वीकार किया गया?

(अ) 14 सितंबर, 1947 (ब) 14 सितंबर, 1948

✓ (स) 14 सितंबर, 1949 (द) 14 सितंबर, 1950

(ख) हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?

(अ) रोमन (ब) देवनागरी ✓

(स) जर्मन (द) उर्दू

(ग) भाषा शब्द संस्कृत की किस धातु से बना है?

(अ) भाषा (ब) भाष्य

(स) भाषा (द) भाष् ✓

(घ) हिंदी भाषा में कितने स्वर हैं?

✓ (अ) ग्यारह (ब) बारह

(स) चौदह (द) बीस

(ङ) हमारे देश में सरकारी मान्यता प्राप्त कुल कितनी भाषाएँ हैं?

(अ) पंद्रह ☐ (ब) बीस ☐

✓(स) बाईस ☐ (द) पच्चीस ☐

5. निम्नलिखित भाषाओं की लिपियों के नाम लिखें–

(क) संस्कृत देवनागरी (ख) उर्दू फारसी

(ग) मराठी देवनागरी (घ) अंग्रेजी रोमन

(ङ) नेपाली देवनागरी (च) फ्रेंच रोमन

6. मिलान करें–

| भाषा | लिपियाँ |
|---|---|
| (क) उड़िया | रूसी ग |
| (ख) बँगला | उड़िया क |
| (ग) बुल्गोरियन | बँगला ख |
| (घ) स्पेनिश | गुरुमुखी ङ |
| (ङ) पंजाबी | रोमन घ |